Session : 8
Date : 25-08-2006
Participants : Mehta Shri Bhubneshwar Prasad

an>

Title : Need to check Smuggling of coal in Jharkhand and West Bengal.

श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता (हज़ारीबाग) : महोदय, झारखंड तथा पश्चिम बंगाल और दूसरे राज्यों से कोयले का अवैध खान तथा अरबों रूपए के कोयला की तस्करी हो रही है। अवैध खनन से तमाम निकाला गया कोयला की खरीद स्पनज आइरन के कारखाना एवं फर्जी डिपो में जाता है। हर साल सैंकड़ों मजदूरों की मौत अवैध खनन में हो जाता है। कोई उसकी सुध लेने वाला भी नहीं होता। अकेले झारखंड में महीने में अरबों रूपए की कोयला की तस्करी होती है। इस संबंध में माननीय कोयला मंत्री, केन्द्र सरकार मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक झारखंड सरकार को दर्जनों बार लिखित सूचना दी गयी, लेकिन राज्य सरकार और पदाधिकारी विशोकर पुलिस पदाधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं तथा चार सौ रूपए के स्थान पर मात्र 80 रूपए मजदूर को दिया जा रहा है।

अतः सरकार से अनुरोध है कि राट्रहित में कोयला की तस्करी बंद करवायें।